बेगम अख्तर की याद में सजी महफिल

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में पद्मभूषण बेगम अख्तर की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को 'याद-ए-बेगम अख्तर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की बेगम अख्तर पीठ की ओर से कलामंडपम् सभागार में आयोजित संगीतमय संध्या में प्रख्यात गजल गायक एवं पद्मश्री सम्मान से सम्मानित उस्ताद अहमद हुसैन और उस्ताद मोहम्मद हुसैन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह तथा दोनों कलाकारों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद पद्मभूषण बेगम अख्तर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संगीत प्रस्तुतियों से पूर्व उस्ताद अहमद हुसैन और उस्ताद मोहम्मद हुसैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत की साधना के लिए पूर्ण समर्पण, अभ्यास, अनुशासन और धैर्य आवश्यक है। कलाकारों ने चल मेरे साथ ही चल, ऐ मेरे जाने गजल जैसी रचनाओं ने सभागार में अनूठा माहौल बना दिया।



भातखंडे में गुरुवार को उस्ताद अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन ने गजलों से समां बांधा।